हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 7 जून 2026



04 खून से लथपथ तड़पती रही मासूम पर्ची के इंतजार में...





07 आज प्रभारी मंत्री करेंगे मेले का शुभारंभ, सांसद...






## खबर संक्षेप

### प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे व लोकेंद्र पाराशर का सागर आगमन आज

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे तथा प्रदेश मंत्री एवं सागर जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर 7 जून को दो दिवसीय प्रवास पर सागर पहुंचेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों वरिष्ठ नेता प्रवास के दौरान आयोजित कोर कमेटी बैठक एवं जिला स्तरीय मासिक बैठक में सहभागिता करेंगे तथा संगठनात्मक विषयों पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। जिला स्तरीय बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष मोर्चा जिला अध्यक्ष व प्रकोष्ठ जिला संयोजक व आपेक्षित पदाधिकारी कार्यकर्त्ता शामिल होंगे। बैठक धर्मश्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में शाम 06 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक एवं आगमन की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

### विशेष प्रकोष्ठ समिति की बैठक 8 जून को

**सागर।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 में वर्णित प्रावधानों को जमीनी स्तर पर लागू करने और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप निगरानी, व्यवस्थाओं एवं क्रियान्वयन के लिये ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत गठित विशेष प्रकोष्ठ समिति की बैठक कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में 8 जून को आयोजित की जाएगी।

### उपयंत्रियों की कार्यशाला 11 जून को

**सागर।** पेयजल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रगति की समीक्षा, तकनीकी समन्वय एवं शासन द्वारा जारी निर्देशों के पालन सुनिश्चित किए जाने हेतु जिले के संबंधित विभागों के उपयंत्रियों की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला दिनांक 11 जून दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी। कार्यशाला में पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन, गुणवत्ता नियंत्रण, प्रगति समीक्षा, योजनाओं के संचालन एवं विभागीय समन्वय संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### होमगार्ड कमांडेंट ने किया कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण

**सागर।** होमगार्ड कमांडेंट मुख्यालय के निर्देशानुसार कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने समस्त शाखाओं के ऑफिस रिकॉर्ड चेक किया एवं किट परेड आयोजित की। परेड में 09 ऑफिस स्टाफ एवं 82 जवान कुल 91 चार प्लाटून में शामिल हुआ। परेड का नेतृत्व पी सी अनिमेष राजपूत द्वारा किया गया। परेड कमांडर द्वारा परेड की रिपोर्ट डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट को दी गई परेड निरीक्षण कर परेड मार्च कराया गया बाद परेड जवानों किट का निरीक्षण किया गया जिन जवानों का टर्न आउट व किट अच्छी पाई गई उन्हें डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट द्वारा प्रशंसा से पुरस्कृत करने व जिनका किट अच्छी नहीं पाई गई उन्हें अपने किट व टर्न आउट में सुधार हेतु निर्देशित किया गया। उपकरणों को उपयोग की जानकारी एवं चालू करा कर देखा गया उनके रख रखाव में विशेष ध्यान रखने निर्देशित किया गया एवं जिले में उपलब्ध वाहनों का देखा गया तथा उनकी सर्विसिंग ,ऑयल गेज चैक किया गया वाह न प्रभारी द्वारा सही बताया गया।तत्पश्चात सैनिक सम्मेलन लिया गया। सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने व अपने ड्यूटी कर्तव्यों में अच्छे टर्न आउट में करने हिदायत दी गई।

## थाना मोतीनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : एमडी ड्रग्स तस्करी के नेटवर्क का खुलासा

# 16.45 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ पुरुष व महिला आरोपी गिरफ्तार, एक आरोपी की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार सिन्हा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सागर ललित कश्यप के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में थाना मोतीनगर पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति भोपाल रोड बस स्टैंड के पास अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स की बिक्री करने की फिराक में खड़ा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना मोतीनगर पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए स्वतंत्र साक्षियों की उपस्थिति में तत्काल कार्रवाई की गई। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में अपना नाम सौरभ उर्फ रॉबिन पांडेय पिता ओमकार पाण्डेय, उम्र 30 वर्ष, निवासी तिरूपतिपुरम, थाना गोपालगंज, सागर बताया। विधिवत तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 13.61 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स (मेफेड्रोन) बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 60,000 हजार है।

आरोपी सौरभ उर्फ रॉबिन पाण्डेय के विरुद्ध थाना मोतीनगर में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा दिए गए मेमोरेण्डम कथन के आधार पर मादक पदार्थ के स्त्रोत की जानकारी प्राप्त हुई। विवेचना के दौरान आरोपी द्वारा बताए गए तथ्यों के आधार पर शैलजा सोनी को प्रकरण में आरोपी बनाया गया। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में उसके कब्जे से 2.84 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 15,000 है। महिला आरोपी को भी विधिवत गिरफ्तार किया गया है।प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि अवैध मादक पदार्थ की आपूर्ति एवं वितरण में अन्य व्यक्तियों की भी संलिप्तता है। प्रकरण का एक अन्य आरोपी वर्तमान में फरार है, जिसकी तलाश हेतु पुलिस की विशेष टीम लगातार प्रयासरत है तथा उसकी शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।

पुलिस द्वारा मादक पदार्थ के स्त्रोत, सप्लाई चैन, खरीद-बिक्री में शामिल व्यक्तियों तथा इस अवैध कारोबार से जुड़े संपूर्ण नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है। प्रकरण में आगे और महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है।

उक्त कार्रवाई में थाना मोतीनगर पुलिस के निम्न अधिकारी एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही निरीक्षक जसवंत राजपूत, थाना प्रभारी मोतीनगर, उप निरीक्षक लोकेश पटेल, प्रधान आरक्षक दिनेश यादव, प्रधान आरक्षक सुनील चौबे, आरक्षक अनुराग वैद्य, आरक्षक सत्येन्द्र, आरक्षक गुड्डु शर्मा, आरक्षक चंदन बिल्थरे, आरक्षक ब्रजेश।

सागर पुलिस द्वारा जिले में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार कठोर कार्रवाई की जा रही है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले मादक पदार्थ तस्करों एवं उनके नेटवर्क के विरुद्ध आगे भी प्रभावी अभियान जारी रहेगा।

### बांदरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 8 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा, 56 हजार नकद, वाहन व मोबाइल जब्त



**सागर।** पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संजीव उइके एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रवीण अस्थाना के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बांदरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना प्रभारी बांदरी सुमेर सिंह जगेत को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गीदा स्थित पानी की टंकी के पास कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर कुछ व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस बल एवं गवाहों की सहायता से पकड़ लिया गया। कार्रवाई के दौरान कुल 08 आरोपियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से कुल 56 हजार नगद राशि, 52 ताश के पत्ते, 03 मोटर साइकिल, 05 एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा 02 कीपैड मोबाइल फोन जब्त किए गए। गिरफ्तार आरोपियों में अभिषेक उपाध्याय, उदय सिंह बघेल, रामनरेश तिवारी, अशोक चढ़ार, राजेन्द्र उर्फ ओमनारायण अहिरवार, भगवान सिंह दांगी, नत्थू अहिरवार एवं अनिल अहिरवार शामिल हैं।



## महिला प्रदेश अध्यक्ष सेवादल ने ली बैठक संगठन विस्तार को लेकर की चर्चा

**सागर।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष संगीता कांकेरिया एवं प्रदेश उपाध्यक्ष हेमकुमारी कुमारी के सागर संभागीय दौरे के अंतर्गत सागर आगमन पर प्रातः 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय, राजीव गांधी भवन तीनबत्ती सागर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, जनहित के मुद्दों तथा कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा गयी। तत्पश्चात प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओं एवं आमजन से भेंट-मुलाकात की गयी। बैठक में प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संगीता कांकेरिया ने बताया कि महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वे अपने जीवन से जुड़े सभी निर्णय स्वयं ले सके। यह लैंगिक समानता और एक प्रगतिशील समाज के निर्माण का मूल आधार है। प्रदेश उपाध्यक्ष हेमकुमारी ने कहा कि निर्णय लेने वाली संस्थाओं जैसे—पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाती है।यह कांग्रेस का अब मुख्य उद्देश्य है। जिला शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे बताया कि यह बडा हर्ष का विषय है कि पांच वर्ष बाद शहर में सेवादल की महिला प्रदेश अध्यक्ष का आगमन हुआ और हमे उन्हे अभिनंदन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बैठक में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव, राकेश राय, द्वारका चौधरी, रमाकांत यादव, हरिश्चंद्र सोनवार, किरणलता सोनी, रजिया खान आदि ने उद्बोदन दिया। बैठक का संचालन विजय साहू और आभार आनंद हैला ने ज्ञापित किया। बैठक मे वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप गुप्ता, किरणलता सोनी, शरद पुरोहित, पार्षद सुरेखा राय, रोशनी खान, नीलोफर अंसारी, रेखा सोनी, शशि राय, अर्चना कन्नोजिया, मीना पवन पटेल, गीता कुश्वाहा, गीता अहिरवार, मीरा अहिरवार, लक्ष्मी अहिरवार, रेखा अहिरवार, रीना अहिरवार, आरती, मालती, गीता लारिया, संतोष रानी, सीमा अहिरवार, आरती अहिरवार, हर्षिता, रानी, आरती, ऊषा, सपना, अनुष्का, लक्ष्मी वंसल, उर्मिला अहिर वार, ज्योति भलैया, मीरा अहिरवार, वसीम खान, कल्लू पटेल, नितिन पचौरी, आनंद हेला, रवि शंकर, परख शुक्ला, अजय लारिया, धर्मेंद्र रैकवार, प्रशांत सोनी, मुमताज बेगम, पवन पटेल, महेश अहिरवार, रविशंकर प्रजापति,र ाहुल खटीक आदि जन उपस्थित रहे।



## कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

**खुरई।** कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर मजबूत करने खुरई विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों एवं मंडलम अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुड्डु राजा बुंदेला, सागर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा, विधानसभा प्रभारी मुकुल पुरोहित एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस के संगठन महासचिव आशीष ज्योतिषी के मुख्य आतिथ्य एवं खुरई ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष हरविंदर सिंह चावला सिंह चावला की अध्यक्षता में शानी निवास पर संपन्न हुई। कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावशाली बनाने हेतु विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संचालन खुरई (शहर) ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट शाकिर खान ने किया एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। एवं बैठक में मुख्य रूप से पंचायत एवं वार्ड समितियों के गठन तथा उनके भौतिक सत्यापन पर विशेष जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुड्डु राजा बुंदेला, सागर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र मुहासा, खुरई विधानसभा प्रभारी मुकुल पुरोहित एवं जिला कांग्रेस के संगठन महासचिव आशीष ज्योतिषी, खुरई ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष हरविंदर सिंह चावला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता इंद्रभूषण तिवारी, अंशुल परिहार, पप्पू यादव, आशु भाईजान, चंद्रशेखर मेशन ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने एवं आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। एवं संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय तथा कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी पदाधिकारियों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

## महापौर ने पार्षदों व अधिकारियों के साथ मसवासी ग्रंट स्थित कचरा प्रसंस्करण संयंत्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नगर निगम सागर द्वारा स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के अंतर्गत महापौर संगीता सुशील तिवारी ने एमआईसी सदस्यों, पार्षदों एवं नगर निगम अधिकारियों के साथ मसवासी ग्रंट स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कचरा प्रसंस्करण संयंत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संयंत्र में कचरे के संग्रहण, पृथक्कीकरण एवं प्रसंस्करण की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा कचरे से जैविक खाद तैयार करने की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान महापौर तिवारी ने संयंत्र में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए स्वच्छता प्रबंधन में तकनीकी नवाचारों एवं वैज्ञानिक पद्धतियों के उपयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन किसी भी शहर की स्वच्छता व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है तथा कचरे का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ संसाधनों के पुनः उपयोग की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।रेमकी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अमित दुबे ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम की कचरा संग्रहण गाड़ियों द्वारा प्रतिदिन शहर के विभिन्न वार्डों से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहित कर मसवासी ग्रंट स्थित संयंत्र तक पहुंचाया जाता है।

यहां कचरे का पृथक्कीकरण कर जैविक एवं अजैविक अपशिष्ट को अलग किया जाता है। जैविक कचरे से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाली खाद तैयार की जाती है, जबकि अन्य अपशिष्ट पदार्थों का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन किया जाता है।महापौर ने उपस्थित पार्षदों एवं अधिकारियों से कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण एवं स्वच्छ शहर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नागरिकों को भी घर स्तर पर गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्कीकरण करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर का निर्माण संभव है।

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य राजकुमार पटेल, धर्मेंद्र खटीक, संगीता शैलेष जैन, पार्षद नीरज गोलू कोरी, भरत अहिरवार, विशाल खटीक, रानी अहिरवार, प्रदेश भाजपा पैनलिस्ट रिशांक तिवारी, प्लांट हेड आकाश तिवारी, ऑपरेशन इंचार्ज फिरोज खान, सीनियर एक्जीक्यूटिव राशिद खान, भगवानदास सेन, आशुतोष नायक, सहायक यंत्री राहुल उईके, अक्षय कुमार, निगम सचिव मुन्नालाल रैकवार यशवंत कोष्टी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण नलजल योजनाओं के ग्राम पंचायतों को हस्तांतरण हेतु संयुक्त निरीक्षण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

ग्रामीण क्षेत्रों में क्रियान्वित नलजल योजनाओं को शासन के निर्देशानुसार संबंधित ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने की कार्यवाही के संबंध में जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी आदेश जारी करते हुए कहा कि संबंधित क्षेत्र के उपयंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग संयुक्त रूप से समन्वय स्थापित करते हुए हस्तांतरण हेतु प्रस्तावित नलजल योजनाओं का स्थल निरीक्षण एवं भ्रमण करेंगे।

भ्रमण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित नलजल योजना शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत को हस्तांतरित किए जाने योग्य है अथवा नहीं।

निरीक्षण के समय यदि किसी प्रकार की तकनीकी, संरचनात्मक अथवा संचालन संबंधी कमी पाई जाती है, तो उसका विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर संबंधित विभाग को तत्काल अवगत कराया जाएगा, जिससे आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही समयबद्ध रूप से की जा सके। संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि निरीक्षण के दौरान चिन्हित कमियों का शीघ्र निराकरण किया जाए तथा शासन के प्रचलित निर्देशों के अनुरूप नलजल योजनाओं के ग्राम पंचायतों को हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण कराई जाए। उक्त कार्यवाही को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।



## विदाई समारोह : शासकीय सेवा से प्राचार्य विजय पचौरी सेवानिवृत्त हुए

**रहली।** स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ प्राचार्य विजय पचौरी की शासकीय सेवा अवधि *१ मई को पूर्ण होने पर शिक्षा विभाग द्वारा एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सांदीपनी स्कूल के सभागार (हॉल) में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक गोपाल भार्गव सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक भार्गव ने प्राचार्य विजय पचौरी के दीर्घकालीन और बेदाग सेवाकाल की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पचौरी जी का योगदान अनुकरणीय रहा है। उन्होंने अपनी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता से विभाग और छात्र-छात्राओं के बीच एक अमिट छाप छोड़ी है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने प्राचार्य पचौरी जी से जुड़े अपने छात्र जीवन के संस्मरण साझा किए। उन्होंने भावुक होते हुए कहाः कृषि स्कूल में अध्यापन के दौरान पचौरी सर द्वारा हम सभी मित्रों को पढ़ाया गया था। उनसे मिले उच्च कोटि के संस्कार और उत्कृष्ट शिक्षा का ही यह परिणाम है कि आज हम सभी मित्र समाज में इस मुकाम पर पहुँच सके हैं। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों और शिक्षकों ने श्री पचौरी के कुशल मार्गदर्शन और शालीन कार्यशैली की प्रशंसा की। शिक्षा विभाग सहित नगर के गणमान्य व वरिष्ठ नागरिकों द्वारा सेवानिवृत्त प्राचार्य विजय पचौरी को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई और उनके उज्ज्वल व दीर्घायु भविष्य की कामना की गई। विदाई की इस वेला पर भावुक होते हुए श्री विजय पचौरी ने उपस्थित सभी अतिथियों और सहकर्मियों का आभार व्यक्त किया।

## भागवत कथा के पांचवें दिन श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया

# आज के बालक और भगवान से सीखें लाज शर्म और मित्रता: गो पीठाधीश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर के पशुपतिनाथ मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सभी भक्तों को राष्ट्रीय संत गो पीठाधीश्वर पं. श्री विपिन बिहारी दास जी महाराज द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई, जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा आजकल के बालक और युवा वर्ग धर्म से अछूता होता जा रहा है ये मोबाइल की दुनिया सारा खेल बिगाड़ रही है घर में परिवार में लाज और शर्म नहीं रह गई हम सबको चाहिए.बच्चों को जितना हो सके मोबाइल से दूर रखना चाहिए. भगवान की कथाएं सुनना उनकी आदत बनानी चहिये।

युवा वर्ग से भी आह्वान है अपने घर में माता पिता बुजुर्गों के सामने लाज शर्म बनाए रखो अरे किसी से नहीं सीधे भगवान से तो कुछ सीखो।आगे उन्होंने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन,मन,धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पूतना का वध कर उसका कल्याण किया माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोबर, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज(मिट्टी) का सेवन करके



यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं।

पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं इसलिए वह मिट्टी में नहाते,खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें गोपबालकों ने एकदिन जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दी—'मां तेरे लाला ने माटी खाई यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं अच्छा खोल मुख माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्ण ज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं।

महाराज ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोडकर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिर्राज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है।

## पलेरा अस्पताल में 40 मिनट तक नहीं मिली इलाज, अधिकारी ने दिया जांच का भरोसा

# खून से लथपथ तड़पती रही मासूम पर्ची के इंतजार में अटका इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा की स्वास्थ्य सेवाएं एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। एक चार वर्षीय मासूम बच्ची के गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी समय पर उपचार न मिलने के आरोपों ने अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। हालांकि उक्त मामले में जब संबंधित अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने जाँच किये जाने का भरोसा दिलाया।

जानकारी के अनुसार ग्राम लहर बुजुर्ग निवासी कैलाश अहिरवार की चार वर्षीय पुत्री दिव्यांशी अहिरवार घर के चबूतरे से गिर गई। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट आई और तेज रक्तस्राव शुरू हो गया। परिजन तत्काल बच्ची को लेकर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा पहुंचे, लेकिन आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद भी उसे तुरंत उपचार नहीं मिल सका।

### वॉर्ड बॉय ने ड्रेसिंग करने से किया इनकार

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में मौजूद वार्ड बॉय बृज बिहारी कुशवाहा ने पहले पर्ची बनवाने की बात कहते हुए तत्काल ड्रेसिंग करने से इंकार कर दिया। उस समय बच्ची के सिर से लगातार खून बह रहा था और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई थी। परिजनों का कहना है कि उपचार शुरू होने में करीब 40 से 50 मिनट की देरी हुई, जिसके चलते बच्ची का काफी रक्त बह गया। मामले को और गंभीर बनाते हुए बच्ची के पिता कैलाश अहिरवार ने आरोप लगाया कि अस्पताल में उस समय कोई डॉक्टर तत्काल उपलब्ध नहीं था। यदि समय रहते चिकित्सकीय सहायता मिल जाती तो बच्ची को इतनी देर तक पीड़ा नहीं झेलनी पड़ती। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग बार-बार निर्देश जारी कर चुके हैं कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में मरीज का उपचार सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए और कागजी औपचारिकताएं बाद में पूरी हों, तो फिर एक घायल मासूम को प्राथमिक उपचार के लिए लगभग एक घंटे तक इंतजार क्यों करना पड़ा? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि आरोप सही हैं तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की संवेदनहीनता का मामला है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या फिर यह मामला भी जांच की फाइलों में दबकर रह जाएगा।

तीन दिन से चल रहा था अवैध बालू उत्खनन, टीम देखकर भागे ट्रैक्टर चालक

## प्रशासन ने कसा शिकंजा, अवैध खनन में लगी एलएनटी मशीन को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में अवैध रेत खनन के खिलाफ प्रशासन लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में शनिवार सुबह लिधौरा तहसील प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उपरारा स्थित सुखनई नदी घाट पर अवैध बालू उत्खनन में लगी एक एलएनटी मशीन जब्त कर ली। कार्रवाई के बाद अवैध खनन कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया और रेत माफियाओं के बीच अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुखनई नदी के उपरारा घाट पर पिछले तीन दिनों से लगातार अवैध रूप से बालू का उत्खनन किया जा रहा था। इसकी सूचना प्रशासन को मिल रही थी, जिसके बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर लिधौरा तहसीलदार निशांत चौरसिया के नेतृत्व में राजस्व अमले ने शनिवार सुबह मौके पर दबिश दी। प्रशासनिक टीम के अचानक पहुंचने से खनन में लगे लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर भागने में सफल हो गए, लेकिन बालू उत्खनन में प्रयुक्त की जा रही एलएनटी मशीन को प्रशासन ने मौके से जब्त कर लिया। इसके बाद मशीन को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई। उल्लेखनीय है कि उपरारा स्थित सुखनई नदी घाट पर पिछले 20 दिनों के भीतर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले भी प्रशासन ने यहां अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की थी। लगातार हो रही सख्ती से अवैध रेत कारोबार से जुड़े लोगों में भय का माहौल देखा जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों की लूट और राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलेभर में अवैध उत्खनन की निगरानी बढ़ा दी गई है और जहां भी शिकायतें मिलेंगी, वहां तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत राजस्व, खनिज और प्रशासनिक अमले की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। अधिकारियों का मानना है कि इस तरह की कार्रवाइयों से अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा तथा शासन की खनिज नीति का सख्ती से पालन सुनिश्चित हो सकेगा। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि रेत माफियाओं के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नपा ने नागरिकों से भी की अपील

# शहर में चला व्यापक सफाई अभियान नालियों से निकाला गया कचरा

**टीकमगढ़।** स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा शहर में व्यापक स्तर पर नाला-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार तथा डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष अंजली शर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर के विभिन्न वार्डों में नालियों की सफाई कर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया गया।

अभियान के दौरान आनंद इलेक्ट्रॉनिक से सेल सागर चौराहे तक लगभग 200 मीटर लंबी नाली की सफाई कराई गई। वहीं वार्ड क्रमांक 15 एवं 16 स्थित बेगम की गली में करीब 150 मीटर नाली को साफ कराया गया। मोटे का मुहल्ला एवं इंदिरा कॉलोनी क्षेत्र में नालियों की सफाई के साथ-साथ वहां जमा कचरे को भी तत्काल हटवाया गया, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था में सुधार हुआ। नगर पालिका की टीम ने वार्ड क्रमांक 10 की बुद्ध विहार कॉलोनी में शांति स्वरूप के घर के पास लगभग 250 मीटर लंबी नाली की सफाई कराई। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 27 की चित्रांश



कॉलोनी एवं रजा कॉलोनी में लगभग 300 मीटर नालियों को साफ कराया गया। वार्ड 21 के बेकुठी क्षेत्र में करीब 200 मीटर तथा वार्ड क्रमांक 6 में सुनील यादव के घर से पटरियां जी के निवास तक लगभग 400 मीटर नाली की सफाई का कार्य कराया गया। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 13 में चंदू अहिरवार से लेकर लाली पार्षद के निवास के आसपास लगभग 300 मीटर तथा वार्ड क्रमांक 9 की हिमांचल गली एवं अब्बू डॉक्टर की गली में करीब 300 मीटर लंबी नालियों की सफाई कराई गई। अन्य वार्डों में भी सफाई कार्य जारी रखते हुए नालियों से निकले कचरे को तत्काल उठवाकर उचित स्थान पर निस्तारित किया गया। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के उद्देश्य से शहर के सभी वार्डों में नियमित रूप से सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। नालियों की सफाई, कचरा निष्पादन और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि नागरिकों को स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

नगर पालिका ने शहरवासियों से भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील करते हुए कहा है कि कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। अधिकारियों का कहना है कि प्रशासन और जनता के संयुक्त प्रयासों से ही स्वच्छ एवं सुंदर शहर का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# प्रदर्शन का असर, 9 नामजद सहित अन्य पर हुई एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

### विद्युत ऑफिस में कर्मचारियों से मारपीट, अभद्रता और तोड़फोड़ का मामला

जिले के जतारा स्थित विद्युत विभाग के संभागीय कार्यालय में कर्मचारियों के साथ मारपीट, अभद्रता तथा शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में पुलिस ने 9 नामजद आरोपियों सहित अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। बिजली कर्मचारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के घेराव के बाद हुई इस कार्रवाई ने पूरे जिले में चर्चा का विषय बना दिया है। जानकारी के अनुसार 2 जून को ग्राम रतनगुवा भाटा के ग्रामीण 25 केवीए ट्रांसफॉर्मर की मांग को लेकर जतारा विद्युत कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच बातचीत के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। विद्युत विभाग के कर्मचारियों का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर कुछ लोग जबरन कार्यालय परिसर में घुस आए और कार्यालय की विद्युत आपूर्ति बाधित कर दी। कर्मचारियों के अनुसार इसके बाद कार्यालय परिसर में गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट की घटना हुई। आरोप है कि उपद्रवियों ने चप्पल, पत्थर और गुम्मे फेंके, जिससे कई कर्मचारी घायल हो गए। घटना के दौरान कार्यालय में



रखा कंप्यूटर और अन्य शासकीय सामग्री भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना से विद्युत विभाग के कर्मचारियों में भारी नाराजगी फैल गई। घटना के विरोध में विद्युत कर्मचारियों ने पहले जतारा में प्रदर्शन किया और बाद में टीकमगढ़ पहुंचकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया। कर्मचारियों ने दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए चेतावनी दी थी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज करते हुए कार्यालय सहायक चंद्रशेखर नरवरिया सहित अन्य कर्मचारियों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए। साथ ही घटना से संबंधित वीडियो फुटेज, फोटो और अन्य साक्ष्यों का भी परीक्षण किया गया। जांच के बाद पुलिस ने सुनील अहिरवार, महेश अहिरवार, जानकी अहिरवार, जितेंद्र अहिरवार, रामचरण अहिरवार, जयराम अहिरवार, देवेंद्र अहिरवार, रविंद्र अहिरवार तथा सुनुवा वंशकार सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर बीएनएस की धारा 190, 132, 329(4), 324(3), 296(ए), 115(2) और 351(3) के तहत प्रकरण कायम किया गया है। पुलिस ने मामले की विवेचना कार्यवाहक उपनिरीक्षक रामलाल को सौंपी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कहा है कि शासकीय कार्यालयों में घुसकर कर्मचारियों के साथ मारपीट, धमकी और तोड़फोड़ जैसी घटनाएं प्रशासनिक व्यवस्था पर सीधा हमला हैं। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाना आवश्यक है, ताकि भविष्य में शासकीय कर्मचारियों के साथ इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## जनसामान्य से जुड़े मामलों के त्वरित निराकरण

# कार्यालयीन कार्यों की समीक्षा बैठक में एसपी ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा 5 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं के कार्यों, उपलब्धियों एवं प्रगति की समीक्षा के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने प्रत्येक शाखा के दायित्वों, लंबित प्रकरणों, निराकृत मामलों तथा प्रचलित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने शाखा प्रभारियों से कार्य निष्पादन की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी कार्यों में गुणवत्ता, दक्षता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनसामान्य से संबंधित मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को अपने दायित्वों के प्रति जवाबदेह रहते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्यों का निष्पादन करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने, नियमित अनुश्रवण प्रणाली विकसित करने तथा लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाकर प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। एसपी मंडलोई ने कहा कि सभी शाखाएं नियमित समीक्षा के माध्यम से अपने कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करें, जिससे पुलिस प्रशासन की कार्यक्षमता और जनसेवा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनता की समस्याओं के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और पुलिस विभाग की सकारात्मक छवि को मजबूत बनाने में योगदान दें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, यातायात प्रभारी कैलाश पटेल, मुख्य लिपिक रामाधार त्रिपाठी सहित पुलिस कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जय अंबे रक्तदान समिति ने पांच को रक्तदान किया

ललितपुर। मेडिकल कॉलेज मे भर्ती पांच जरूरतमंदों के जय अंबे रक्तदान समिति ने रक्तदान कराकर जीवन बचाया समिति के सदस्य मनीष लखेरा की सूचना पर ग्राम पथपुरा बामोर कला शिवपुरी मप्र निवासिनी चित्र रेखा पटेरिया को रक्त उपलब्ध कराया तो वहीं मुकेश कुमार देवलिया ने दूसरी बार रक्तदान किया जरूरतमंद महिला मरीज कृष्ण राजा ग्राम झारकौन को समिति ने रक्त कार्ड पर बहुमूल्य ब्लड उपलब्ध कराया ग्राम उलदाना मड़ावरा निवासिनी बबीता पति सुखनंदन को सोहिल ने बहुमूल्य ब्लड रक्तदान किया जेवा पति रोशन लाल ग्राम नौहर कला को आनंद कुमार ने छठवीं बार रक्तदान किया।

## केशवगढ़ पंचायत की अमृत वाटिका में किया गया पौधारोपण

**टीकमगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जतारा जनपद की ग्राम पंचायत केशवगढ़ में उत्साह और जागरूकता के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों और ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत केशवगढ़ स्थित अमृत वाटिका में आयोजित किया गया, जहां सरपंच प्रतिनिधि




पुष्पेंद्र जैन के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मोहनगढ़ थाना प्रभारी अंकित दुबे अपनी पुलिस टीम के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। वृक्ष न केवल वातावरण को शुद्ध रखते हैं बल्कि जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान कर पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन की कमी ने पूरे समाज को वृक्षों के महत्व का एहसास कराया था, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संचालित पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण अभियानों का उल्लेख करते हुए लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। आयोजन के दौरान वृक्ष हैं तो जीवन है, और जीवन है तो भविष्य है का संदेश गया।

## सीएम राइज स्कूल में कलेक्टर व भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया पौधारोपण

# पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारीः कलेक्टर श्रोत्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नगर परिषद बड़ागांव स्थित सीएम राइज स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा हरित वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी को बढ़ावा देना रहा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो धरती को




पुनः हरा-भरा बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर चलाया गया यह अभियान लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराएगा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक सोच विकसित करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से भी पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी हनुमंत सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि रामलाल प्रजापति, तहसीलदार पलक जैन, शिवी उपाध्याय, पार्षद बृजेंद्र कुशवाहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। आयोजन के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया।

## एसपी की संवेदनशील पहल, दिवंगत प्रधान आरक्षक के परिवार को मिली 10 लाख की बीमा राशि

# पुलिस परिवार का प्रत्येक सदस्य विभाग के लिए है अमूल्यः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस विभाग केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के सुख-दुख में सहभागी बनकर एक विस्तारित परिवार की भूमिका भी निभाता है। इसी मानवीय सोच और संवेदनशील कार्यशैली का परिचय देते हुए टीकमगढ़ पुलिस ने एक बार फिर शोकाकुल पुलिस परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी और आत्मीयता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर तथा पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला पुलिस में




पदस्थ रहे दिवंगत प्रधान आरक्षक शिवशरण त्रिपाठी के परिजनों को भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से 10 लाख रुपये की बीमा सहायता राशि उपलब्ध कराई गई।

### हरसंभव सहयोग प्रदान करने का प्रयास किया

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि पुलिस परिवार का प्रत्येक सदस्य विभाग के लिए अमूल्य है। किसी भी विपरीत परिस्थिति में उसके परिवार के साथ खड़ा रहना केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि नैतिक एवं मानवीय जिम्मेदारी भी है। उन्होंने बताया कि प्रधान आरक्षक शिवशरण त्रिपाठी के असामयिक निधन के बाद पुलिस विभाग लगातार परिवार के संपर्क में रहा और हरसंभव सहयोग प्रदान करने का प्रयास किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान एसपी मंडलोई ने दिवंगत प्रधान आरक्षक के परिजनों को सम्मानपूर्वक 10 लाख रुपये की बीमा सहायता राशि का चेक सौंपा। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में बताया गया कि भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा टीकमगढ़ द्वारा पुलिस सैलरी पैकेज से संबंधित प्रकरणों में त्वरित समन्वय स्थापित कर बीमा सहायता राशि उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है, जिससे पुलिस परिवारों को समय पर राहत मिल रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के विशेष प्रयासों से बीते एक वर्ष के दौरान पुलिस सैलरी पैकेज एवं परोपकार निधि के माध्यम से जिले के सात पुलिस परिवारों को 1 करोड़ 70 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। वहीं दिवंगत एवं दिव्यांग पुलिसकर्मियों के आश्रितों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 10 अनुकंपा नियुक्तियां भी दी गई हैं, जिससे प्रभावित परिवारों को आर्थिक सुरक्षा के साथ भावनात्मक संबल भी प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर एसबीआई मुख्य शाखा टीकमगढ़ के शाखा प्रबंधक धीरेंद्र चौरसिया, मुख्य लिपिक रामाधार त्रिपाठी, सहायक उपनिरीक्षक महेश साहू सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### एक माह तह चलेगा आयोजन, संस्कृतिक साहित्यिक कार्यक्रम की रहेगी धूम

# आज प्रभारी मंत्री करेंगे मेले का शुभारंभ, सांसद रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

शहर के मेला मैदान में आयोजित श्री हजारेश्वर महादेव मेला का शुभारंभ रविवार को जिले के प्रभारी मंत्री एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा समारोह पूर्वक किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, मध्य प्रदेश वन विकास निगम के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) रामनिवास रावत, स्थानीय विधायक बाबू जंडेल, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग द्वारा की जाएगी। नपा उपाध्यक्ष संजय महाना। मेला अध्यक्ष अकबर अली दाऊदी ने लोगों से मेला का लुत्फ उठाने की अपील की है।

सीएमओ आरआर यादव ने बताया कि श्री हजारेश्वर महादेव मेला का शुभारंभ वैसे तो नपा अध्यक्ष द्वारा शिव जी के अभिषेक के साथ हमेशा की तरह कर दिया गया है लेकिन विधिवत शुभारम्भ रविवार को रात्रि 8:00 बजे मेला रंग मंच पर एक समारोह आयोजित करके किया जाएगा जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री पहले मेला का शुभारंभ फीता काटकर करेंगे इसके बाद वह मेला में लगे स्टाल का अवलोकन करेंगे बाद में रंगमंच पर कार्यक्रम आयोजित होगा इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद क्षेत्रीय विधायक सहित विभिन्न अतिथि मौजूद रहेंगे सीएमओ ने लोगों से अपील की है कि एक माह तक चलने वाले इस आयोजन का लाभ उठाएं शहरी क्षेत्र में होने वाले पर्यटक स्थलों की कमी को यह मेला हमेशा से दूर करता आया है इस बार भी मेला में सैलानियों के मनोरंजन के लिए अच्छे से अच्छे प्रयास किए गए हैं मेला में विभिन्न प्रकार के झूले जो बड़ों के लिए अलग और बच्चों के लिए अलग है लगाए गए हैं। देश भर के दुकानदारों ने अपनी स्टॉल लगाई है जहां मनपसंद सामान उचित रेट में खरीदा जा सकता है। उन्होंने बताया कि मेला में धार्मिक संध्या, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, अखिल भारतीय मुशायरा व आर्केस्ट्रा का आयोजन भी किया जाएगा।



### मौसम की बेरुखी से दुकानदार परेशान

भले ही नगर पालिका में मेला सजाने के लिए भरसक प्रयास किए हो और उसका सकारात्मक असर भी मेला प्रांगण में देखने को मिला है जहां देश के विभिन्न हिस्सों से आए दुकानदारों ने अपने स्टॉल सजा लिए है विभिन्न प्रकार के झूले लगा दिए गए हैं लेकिन मौसम की बेरुखी दुकानदारों को डरा रही है ज्ञात हो कि विगत एक सप्ताह से भी अधिक समय से आंधी तूफान का मौसम बना हुआ है ऐसे में भले ही मेला का विधिवत शुभारंभ नहीं हुआ हो लेकिन दुकानदार अपनी दुकानदारी विधिवत रूप से कर रहे हैं मेले का संचालन अघोषित रूप से जारी है लेकिन बीच-बीच में आंधी तूफान से मेला बंद करने और सामान की बर्बादी होने से दुकानदार डरे हुए हैं. खास कर विगत बुधवार को आए तेज आंधी और पानी ने मेले को बुरी तरह उजाड़ कर रख दिया था. यह प्री मानसून की बारिश है आने वाले समय में मानसून की बारिश भी होनी है ऐसे में मेला व्यवसाईयों के लिए लाभ का सौदा होगा या घाटे का दुकानदार यही गुणा भाग लगाने में लगे हैं।


### विवादों में रहा मेला का संचालन

श्री हजारेश्वर मेला इस बार लगने से पहले ही विवादों में शामिल हो गया. विवाद तब शुरू हुआ जब ऑनलाइन टेंडर के बाद ठेकेदार ने मेला में दुकानदारों के समान मेला ग्राउंड में पटकवाना शुरू किए तब कुछ पार्षदों ने यह कहकर विरोध किया कि जब ठेकेदार को कार्य आदेश नहीं मिला है और अनुबंध नहीं हुआ है ऐसे में ठेकेदार मेला संचालित कैसे कर सकता है, इस विवाद के बाद मेला ठेकेदार ने कलेक्टर को आवेदन देकर परिषद की बैठक बुलाकर दर स्वीकृत कराने की मांग की थी. कलेक्टर के निर्देश पर सीएमओ ने तत्काल परिषद की बैठक बुलाने का एजेंडा निकाल दिया. इसके बाद आयोजित हुई परिषद की बैठक में मेले के संचालन को स्वीकृति दे दी तब भी खूब हंगामा हुआ था कांग्रेस दल के पार्षद बैठक से वाक आउट भी हुए. इसके बाद में मेला ठेकेदार और सीएमओ में अनुबंध को लेकर विवाद हुआ और ठेकेदार मेला को बीच में छोड़कर घर चला गया लेकिन बाद में नपा अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग के हस्तक्षेप के बाद मेला ठेकेदार ने मेला की व्यवस्था संभाली।

### नव विवाहिता का आरोपः दहेज में मांग रहे थे 10 लाख रुपए और कार

# नव विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकाला, पति समेत छह पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर




विजयपुर थाना पुलिस ने एक नव विवाहिता को प्रताड़ित और मारपीट करके घर से निकाल देने संबंधी मामले में कार्रवाई करते हुए नव विवाहिता के पति समेत छह लोगों के खिलाफ मारपीट और दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। नव विवाहिता का आरोप है कि ससुरालीजन उससे दहेज में 10 लाख रूपए और कार लाने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने इस मामले में ननद और ननदेउ को भी मुल्जिम बनाया है।

पुलिस के मुताबिक नव विवाहिता रूचि पत्नी संजू मित्तल ने विजयपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी 16 अप्रैल 2025 को मानपुर निवासी संजू मित्तल के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद तक को सब कुछ ठीक ठाक चला,लेकिन इसके बाद ससुरालीजन दहेज में 10 लाख रूपए और कार लाने की मांग करने लग गए। बताया गया है कि विवाहिता के पति संजू मित्तल की रेलवे में नौकरी है। विवाहिता रूचि का आरोप है कि ससुरालीजन उसे यह बात कहते हुए प्रताड़ित करते थे कि हमारे बेटे की रेलवे में नौकरी है,इसलिए शादी में दिया दहेज कम है। अब पिता के घर से 10 लाख और कार लेकर आओ,तभी तुझे घर में रखेंगे।

#### नव विवाहिता का आरोप विजयपुर आकर भी की मारपीट

नव विवाहिता रूचि मित्तल का आरोप है कि ससुरालीजनों ने मारपीट करके घर से निकाल दिया और इसके बाद उनके द्वारा विजयपुर आकर भी मेरी और मेरे पिता की मारपीट कर दी। विवाहिता का आरोप है कि उसे प्रताड़ित करने में पति के अलावा सास ससुर,जेठ और ननद व ननदेउ भी शामिल हैं। विजयपुर टीआई राजन सिंह गुर्जर ने बताया कि इस मामले में नव विवाहिता रूचि मित्तल की रिपोर्ट पर पति संजू मित्तल, ससुर जगदीश मित्तल, सास लक्ष्मी मित्तल, जेठ हेमंत मित्तल निवासी मानपुर, ननद ममता गुप्ता और ननेदउ केशव गुप्ता निवासी गंगापुर सिटी राजस्थान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बड़ौदा बिजली घर पर ग्रामीणों का जोरदार प्रदर्शन

# ट्रांसफार्मर फुंकने से कई दिनों से अंधेरे में डूबे ग्रामीणों ने घेरा बिजली घर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर



ग्राम महाराजपुरा की आदिवासी बस्ती में कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से पूरी बस्ती में अंधेरा व्याप्त हो गया है। बिजली कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों को बता देने के बाद भी समस्या का हल नहीं होने पर ग्रामीणों ने बड़ोदा मुख्यालय पहुंचकर बिजली घर का घेराव करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।

शनिवार को किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला के नेतृत्व में आदिवासियों ने बड़ौदा विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया कि विगत कई दिनों से खराब पड़े दोनों ट्रांसफार्मरों को बदलकर विद्युत व्यवस्था बहाल करने की जाए अन्यथा आंदोलन और तेज किया जायगा। किसान नेता राधेश्याम मीणा मुंडला ने कहा कि यह विडंबना ही है कि आदिवासी बस्ती जहां पर सरकार निशुल्क बिजली उपलब्ध करानी चाहिए वहां भी अधिकारी बिजली नहीं पहुंचा रहे हैं ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दूर तक सफर करना पड़ रहा है नल जल योजना बंद होने से नदी नालों से पीने का पानी लाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो वह खुद आदिवासियों के साथ बड़ौदा मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे।

# घर में रखी अलमारी से 60 हजार रुपए पार, चोरी की एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दांतरदा निवासी एक व्यक्ति के घर में रखी अलमारी से 60 हजार रूपए चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। विशेष बात यह है कि अलमारी का ताला तोड़े बिना यह राशि गायब हुई है। इसलिए चोरी का शक पुलिस को परिवार के किसी सदस्य या किसी नजदीक व्यक्ति पर लग रहा है। फिलहाल पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मानपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम दांतरदा निवासी सत्यनारायण मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7-8 दिन पहले उसने और उसकी पत्नी ने एक साथ घर में रखी अलमारी में 60 हजार रूपए रखे थे। शुक्रवार को मैने पत्नी से अलमारी में रखे रूपए निकालकर देने के लिए कहा तो अलमारी से 60 हजार रूपए चोरी हो गए। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

# अडवाड में गाय को कुल्हाडी मारी,जैनी में बाइक की टक्कर से भैंस की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र के ग्राम अडवाड में जहां एक व्यक्ति ने कुल्हाडी मारकर गाय को जख्मी कर दिया। वहीं मानपुर थाना क्षेत्र के जैनी गांव में बाइक सवार व्यक्ति ने एक भैंस को टक्कर मार दी,जिससे भैंस की मौत हो गई। दोनो मामलों में पुलिस ने अपराध दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि ग्राम अडवाड निवासी रामअवतार बैरवा ने देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती शाम को गांव के ही पिंटू मुसलमान ने मेरी गाय को कुल्हाडी मार दी,जिससे मेरी गाय जख्मी हो गई। पुलिस ने इस मामले में पिंटू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उधर ग्राम जैनी निवासी गिर्राज मीणा पुत्र वीरप्रकाश मीणा ने मानपुर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार की शाम को एक बाइक सवार व्यक्ति ने अपनी बाइक को लापरवाही और तेजी से चलाते हुए मेरी भैंस में टक्कर मार दी। जिससे भैस घायल हो गई और शनिवार को भैंस की मौत हो गई। इस मामले में मानपुर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# रज्जाक वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर



कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता रज्जाक खान को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ का प्रांतीय महासचिव बनाया है। उनकी नियुक्ति विगत दिनों प्रदेश स्तर पर जारी हुई नियुक्ति के दौरान की गई। ज्ञात हो कि प्रदेश में संगठन ने दो महासचिव बनाए हैं जिनमें से एक छिंदवाड़ा से दूसरा श्योपुर जिले से रज्जाक खान को बनाया है, अपनी नियुक्ति पर रज्जाक खान ने पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताया है।

# किसान नेता रमेश चंद गुप्ता की बिगड़ी तबीयत, कोटा रेफर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

वरिष्ठ किसान नेता रमेश चंद्र गुप्ता की तबीयत अधिक बिगड़ जाने से डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज कोटा के लिए रेफर कर दिया, वह कुछ दिनों से शरीर में सोडियम की कमी हो जाने के कारण जिला अस्पताल में भर्ती थे, रमेश चंद गुप्ता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल के पिता हैं जिसके चलते शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण और पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय ने अस्पताल पहुंचकर उनकी कुशलक्षेम पूछी।

संजय मंगल ने बताया कि उनके पिताजी की शरीर में सोडियम की कमी हो जाने से शरीर में अस्वस्थता अधिक हो गई थी कुछ दिनों तक हमें जिला अस्पताल के इस वार्ड में रखकर इलाज किया लेकिन हालत में सुधार नहीं दिखा। जिसके बाद उन्हें कोटा में इलाज के लिए लगाया गया यहां पर चिकित्सको द्वारा किए जा रहे इलाज के बाद स्वास्थ्य में सुधार है कुछ दिनों में डॉक्टर उन्हें घर जाने के लिए छुट्टी दे देंगे।

# कॉलेज में स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित शिवानी सेन को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर



कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर में जल संरक्षण पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन गया किया। प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 65 छात्र-छात्राओं द्वारा भागीदारी की गई। जल संरक्षण आज की आवश्यकता विषय पर आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में शिवानी सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा तुलसी एवं वंदना ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान एवं रीना जाटव और सहायता बैरवा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता संचालन में डा सीमा चौकसे, वेदांकी खंडेलवाल, डा परवीन वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# होटल, लॉज की फायर सेफ्टी जांचने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा सीएमओ श्योपुर को शहर में संचालित होटल, लॉज, प्रायवेट नर्सिग होम एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानो में फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच के निर्देश जारी किये गये है।

सीएमओ नगरपालिका परिषद श्योपुर को जारी निर्देशो के अनुसार नगर श्योपुर में तेजी से होटल, लॉज, प्रायवेट नर्सिंग होम, अस्पताल एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की संख्या बढ रही है। इनमें फायर सेफ्टी सिस्टम निर्धारित मानकों के अनुसार लगा होना चाहिए तथा फायर एनओसी अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाना चाहिए। समय-समय पर इनका फायर सेफ्टी ऑडिट भी होते रहना चाहिए ताकि अग्नि दुर्घटना घटित होने की स्थिति में दुर्घटना पर नियंत्रण किया जा सकें। निर्देश दिये गये है कि यह सुनिश्चित करें कि नगर में संचालित होटल, लॉज, नर्सिंग होम, अस्पताल एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार फायर सेफ्टी सिस्टम लगे हो। ऐसे प्रतिष्ठान आरंभ किये जाने से पूर्व फायर एनओसी अनिवार्य रूप से ली जावे तथा समय-समय पर इनमें फायर सेफ्टी ऑडिट भी सुनिश्चित की जावे।नगर में संचालित सभी होटल, लॉज, मैरिज गार्डन तथा अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का जहां बडी संख्या में नागरिकों का आना जाना होता है उनका अनिवार्यतः पंजीयन किया जावे तथा की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत कराया जावे।

### बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा के बाद डीईओ ने तीन दिन में मांगा जवाब

# रिजल्ट कमजोर रहने पर सांदीपनी और उत्कृष्ट स्कूल समेत 43 स्कूल प्राचार्यों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट कमजोर रहने पर शासकीय सांदीपनी स्कूल, मॉडल स्कूल कराहल, उत्कृष्ट स्कूल श्योपर व कराहल समेत जिले के 43 शासकीय हाईस्कूल व हायरसेकंडरी स्कूलो के प्राचार्यो को नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा करने के बाद डीईओ यश जैन के द्वारा जारी किए गए है। खास बात यह है कि डीईओ ने संबंधित प्राचार्यो से इन नोटिसों का जबाव तीन दिन में न दिए जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। इन नोटिसो को लेकर संबंधित स्कूलो के प्राचार्यो में हडकंप की स्थिति बनी हुई है और इन नोटिसों का जबाव समय सीमा में दिए जाने के लिए तैयार करवाया जा रहा है।

शिक्षा विभाग के सूत्रो के मुताबिक कक्षा 10 वीं और 12 वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम की डीईओ यश जैन के द्वारा समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया कि 43 स्कूलों का बोर्ड रिजल्ट कमजोर रहा है। इनमें कुछ स्कूल तो ऐसे है,जिनका रिजल्ट 30 प्रतिशत से कम रहा है। वहीं कुछ स्कूल ऐसे है, जिनका रिजल्ट 30 प्रतिशत से तो अधिक है,मगर पिछले साल की तुलना में कमजोर रहा है। जबकि रिजल्ट की प्रगति कमजोर रहने के बजाए सुधरनी चाहिए। इनस्थितियो को गंभीरता से लेते हुए डीईओ यश जैन ने 43 स्कूलो के प्राचार्यो को नोटिस जारी कर दिया है।




### इन स्कूल प्राचार्यों को दिया गया नोटिस

कमजोर रिजल्ट को लेकर डीईओ के द्वारा जिन शासकीय हायरसेकंडरी स्कूलो के प्राचार्यो को यह नोटिस दिया गया है,उनमें शाउमावि श्यामपुर, ओछापुरा, रघुनाथपुर, कन्या विजयपुर, टर्राकलां, वीरपुर, गोहटा, गसवानी, उत्कृष्ट स्कूल कराहल, पहेला, मॉडल स्कूल कराहल, शाउमावि गिरधरपुर, सेसईपुरा, आवदा , उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर, कन्या उमावि श्योपुर, शाउमावि मकडावदा, उतनवाड, मानपुर, श्री हजारेश्वर उमावि श्योपुर, ढोढर, सोईकलां, सांदीपनी स्कूल श्योपुर शामिल है। इनके अलावा जिन हाईस्कूलो के प्राचार्यो को यह नोटिस दिया गया है,उनमें शासकीय हाईस्कूल अर्रोदरी, गढी, अगरा, विचपुरी, मिलावली, बलावनी, गोरस, पटौदा, सिलपुरी, मोरावन, सारसिल्ला, नागदा ,रतोदन, राडेप, जैनी, जावदेश्वर, अलापुरा, सेमल्दा, ननावद, जानपुरा शामिल है।

### नोटिस का जबाव न आने पर होगी एक पक्षीय कार्रवाई

बोर्ड परीक्षा का कमजोर रिजल्ट रहने के मामले में 43 स्कूल प्राचार्यो को जो नोटिस दिए गए है,उनमें नोटिस दिए जाने के कारणों का उल्लेख किया गया है,साथही नोटिसो का जबाव मय साक्ष्य सहित तीन दिन के भीतर दिए जाने के निर्देश भी दिए गए है। नोटिसो में यह भी चेतावनी दी गई है कि नोटिसो का जबाव समय सीमा में न आने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

**खास खास**

| ब्लॉक | स्कूलो को मिला नोटिस |
|---|---|
| श्योपुर | 18 |
| विजयपुर | 14 |
| कराहल | 11 |

### रिजल्ट कमजोर रहने के कारण पूछे

जिले का बोर्ड परीक्षा परिणाम प्रदेश में अव्वल रहे इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं। इसलिए हमने इस बार जिन स्कूलों का रिजल्ट कमजोर रहा,उन स्कूलों के प्राचार्यो को नोटिस जारी कर उनसे रिजल्ट कमजोर रहने के कारण पूछे हैं। रिजल्ट कमजोर रहने में जो भी कारण सामने आएंगे, उन्हें दूर किया जाएगा। इसमें यदि किसी की लापरवाही भी मिलेगी,उसको लेकर भी कार्रवाई करेंगे।

**यश जैन**
**डीईओ,श्योपुर**

# बड़ौदा में तेज आंधी ने मचाया कोहराम, शेड छप्पर हवा में उड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

शनिवार को बड़ौदा क्षेत्र में तेज आंधी ने कोहराम मचा दिया. दोपहर 3:00 बजे के आसपास आई तेज आंधी से कई घरों पर लगे टीनशेड और छप्पर उड़ कर दूर जा गिरे. ग्रामीण क्षेत्र में तेज आंधी से पेड़ टूटने की भी सूचना है जिससे बिजली व्यवस्था बाधित हो गई.तेज आंधी के बाद कुछ देर बारिश भी हुई।

शनिवार को अचानक आई तेज आंधी ने बड़ौदा के बाजार को तहस-नहस कर दिया। दुकानों के आगे लगे तिरपाल तो उड़कर दूर जा गिरे कई टीन शेड भी तेज आंधी में क्षतिग्रस्त हो गए कुछ उड़ कर दूर जा गिरे ग्रामीण क्षेत्र में भी आंधी का असर देखने को मिला जहां कई पेड़ टूट कर रास्ते पर गिर गए तारों पर पेड़ों के डाले गिरने के चलते बिल्ली व्यवस्था बाधित हो गई हालांकि शाम तक बिजली विभाग ने पेड़ों को हटाकर बिजली व्यवस्था बहाल कर दे लेकिन इस आंधी में पूरे क्षेत्र में को अस्थ व्यस्त जरूर कर दिया. ज्ञात हो कि बुधवार को श्योपुर क्षेत्र में भी पानी के साथ आए तेज आंधी ने कई पेड़ों को उखाड़ कर रख दिया था.



## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शिवरामपुर निवासी मुनेश साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राकेश गिरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रायश्री निवासी बबलू मंगलिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी द्वारपाल जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भांडरी निवासी प्रसन्न आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामवीर आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुखपुर निवासी सतीश परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक, अमित, सोनिया शर्मा और दीपक की पत्नि ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### बाइक की टक्कर से दो घायल

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत अजय बाल्मीक निवासी बेरखेडी तूमैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 एमई 8106 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर रीना और मंजू बाल्मीक को टक्कर मार दी जिससे उन्हें चोटे आई हैं।

### ट्रक ने कार में टक्कर मारी

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम बमनाई हवले निवासी अंश पुत्र कृष्णपाल यादव उम्र 14 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सफेद रंग के डंफर जिसका नंबर एमपी08 जेडके 7260 के चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी कार में टक्कर मार दी जिससे फरियादी को चोटे आई हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी सोनू पुत्र मोहर सिंह अहिरवार ने अपने ही घर के कमरे में पंखे से धोती का फंदा लगाकर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर कलेक्टर ने किया योग

**अशोकनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कलेक्टर मालवीय ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वच्छ पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं। नियमित योग एवं व्यायाम न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है।उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कलेक्टर ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सक्रिय योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर आर. बी सिंडोस्कर, सीईओ जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव अधिकारी, कर्मचारी तथा नागरिकगण उपस्थित रहे।

### साइकिल रैली का आयोजन आज

**अशोकनगर।** विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में सन्डेस ऑन साइकिल अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय साइकिल रैली का आयोजन 7 जून को किया गया है। उक्तशाय की जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने बताया कि यह साईकिल रैली 7 जून को प्रातः 6 बजे विमानों के चबूतरा अशोकनगर से प्रारंभ होगी तथा छोटे पुल के नीचे से होते हुए मिलन चैराहा, गांधी पार्क, स्टेशन रोड, तुलसी पार्क से अस्पताल चैराहा होते हुए कार्यालय कलेक्ट्रेट में समापन होगा।

### कलेक्टर कार्यालय आने वाले वाहन चालक हेलमेट लगाकर ही आएं

# जिले में हेलमेट लगाना अनिवार्य होगा पेट्रोल पंपों के लिए भी निर्देश जारी होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि जिले में हेलमेट अनिवार्य किया जाएगा। कलेक्टर कार्यालय आने वाले लोग हेलमेट लगाकर ही प्रवेश कर सकेंगे। कलेक्टर अशोकनगर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

#### हेलमेट लगाए और अपने जीवन को सुरक्षित करें

जिले में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा है कि साइकिल चलाने वाले लोग हैं या फिर बाइक चलाने वाले लोग भी हेलमेट का उपयोग करें जो भी कलेक्टर कार्यालय बाइक से आ रहे हैं उन्हें हेलमेट अनिवार्य किया जा रहा है वह हेलमेट लगाकर ही आएं। उन्होंने कहा कि जो भी सुझाव है और पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा जो निर्णय लिया गया था कि बाइक चलाने वाले लोग चाहे वह शहर के हो या फिर गांव से आते हों वह बाइक चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें। पेट्रोल पंपों को भी इस तरह के आदेश दिए जाएंगे कि वह बिना हेलमेट वाले वाहनों को पेट्रोल उपलब्ध न कराएं। उन्होंने कहा कि विचार आया है इस पर शीघ्र अमल किया जाएगा।



#### पेट्रोल बचाने के लिए साइकिल का उपयोग करें

कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि अशोकनगर जिले में साइकिल का अधिक से अधिक उपयोग करने की सभी के लिए सलाह है। मैं भी साइकिल का उपयोग करता हूं और मैं अधिकारियों से कह रहा हूं कि वह भी साइकिल का उपयोग करें। आप सभी भी इसका उपयोग करें। यदि कोई साइकिल का उपयोग नहीं कर रहा है तो उसे पेट्रोल बचाने के लिए साइकिल का उपयोग करना चाहिए। मैं कई बार 1 से 4 स्थान पर जाता हूं तब साइकिल से जाना नहीं हो पता है इसलिए वाहन का उपयोग करता हूं। लेकिन अगर आफिस आना हो तो साइकिल का उपयोग करता हूं या फिर इलेक्ट्रिक वाहन से कलेक्टर कार्यालय आता हूं। अगर जिले में अन्य विभाग के अधिकारी साइकिल का उपयोग नहीं कर रहे हैं तो उन्हें भी कहा जाएगा कि वह भी साइकिल का उपयोग करें।

#### जिले में छोटी जल संरचनाओं पर विशेष ध्यान

उन्होंने कहा कि जिले में बड़ी जल संरचना तैयार कर पाना बड़ा मुश्किल होता है लेकिन छोटी जल संरचनाओं को तैयार करने पर अधिक काम किया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों में आजकल किसान जमीन छोड़ने के लिए तैयार नहीं होते लेकिन छोटी संरचना हर गांव में बने यह हमारा प्रयास है और जो पुरानी संरचनाएं हैं उनको ठीक किया जाए ताकि संरचना पुनर्जीवित हो सकें। उन्होंने कहा कि स्टाप डेम की सुरक्षा और उनकी देखरेख के लिए भी विशेष निर्देश दिए गए हैं तथा सितंबर माह में इन स्टाप डेमो को बंद कर दिया जाएगा।

#### रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हर कार्यालय में लगे हमारा प्रयास

उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के बारे में कहा कि जिले में जितने भी शासकीय कार्यालय हैं उन सभी शासकीय कार्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाने के निर्देश दिए जाएंगे और कहां जाएगा कि रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपने विभागों में जरूर लगवाएं। इसके अलावा आम जन भी अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवा सकते हैं हमारा लक्ष्य है कि हम 10 करोड़ लीटर पानी को इस वर्ष के सीजन में बचाएं, क्योंकि यह बहकर निकल जाता है। लेकिन कहने में यह 10 करोड़ लीटर पानी अधिक लगता है लेकिन वास्तव में कुछ नहीं है। अधिकांश लोग अपने घरों में साफ सफाई करके या वाहनों को सफाई करने में पानी बहा देते हैं अगर यह पानी को न बहाएं तो जल स्तर बड़ा रहेगा और पानी का लाभ मिलेगा और जल स्तर को बढ़ाने में मदद मिल सकेगी।

**जैविक खेती को लेकर किया जा रहा है किसानों को जागरूक** जैविक खाद के संबंध में उन्होंने कहा कि इसका पालन प्राथमिकता से होना चाहिए। जैविक खेती प्राकृतिक खेती के बारे में उन्होंने बताया कि जैविक खेती जीवामृत, गोबर, कला आदि के उपयोग से तैयार की जाती है। देसी गाय का गोबर जैविक खेती के लिए अत्यंत उपयोगी है। जिले में 1500 किसानों का चयन किया गया है। जीवामृत वीजामृत बना रहे हैं 10 कलेस्टर का लक्ष्य दिया गया था, इसलिए 1250 किसानों का चयन किया गया है।

## किन्नर गुरु चांदनी को धमकी अशांति रोकने पुलिस से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर में किन्नर समाज के भीतर का एक बड़ा विवाद अब पुलिस की चैखट तक पहुंच गया है। समाज के ही कुछ गुटों द्वारा जान से मारने की धमकी और दबाव बनाए जाने के बाद डरे-सहमे स्थानीय किन्नरों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस संबंध में जिले में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाली चांदनी नायक (मौसी किन्नर) द्वारा शक्रवार को पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए शिकायती पत्र ने क्षेत्र में हडक़ंप मचा दिया है।

**इन बड़े नामों पर लगे हैं गंभीर आरोप** पीड़ति किन्नर पक्ष ने पुलिस को सौंपे पत्र में कई अलग-अलग शहरों के किन्नरों को नामजद किया है, जो उन पर दबाव बना रहे हैं, जिनमें मुस्कान मिर्जा (भोपाल),काजल ठाकुर (मंडीदीप),गोलू हाजी (देवरी सागर),आम्रपाली पाटिल (अमरावती, महाराष्ट्र)शामिल हैं।



#### संगठन में जुड़ने का दबाव और शांति भंग करने की धमकी

चांदनी नायक ने अपनी साथी भावना नायक (चंदेरी) और जान्ही नायक (ईशागढ़) के साथ गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र के अनुसार, किन्नर समाज के ही कुछ अन्य लोगों ने मिलकर एक अलग संगठन बना रखा है। आरोप है कि यह गुट स्थानीय किन्नरों पर अपने संगठन में जुडने के लिए अनुचित रूप से भारी दबाव बना रहा है। जब स्थानीय किन्नरों ने इस संगठन में शामिल होने से साफ मना कर दिया, तो उन्हें कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं, शिकायती पत्र में साफ लिखा है कि आरोपियों ने आगामी शनिवार को यहां आकर शांति व्यवस्था भंग करने की खुली चुनौती दी है।

### महिला जैन मिलन ने पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया

अशोकनगर। महिला जैन मिलन की अध्यक्ष श्वेता भोपाली मंत्री प्रीति बाबा बाबा मेडिकल कोसा अध्यक्ष अंजू कांसल ने पर्यावरण दिवस पर नेहरू बाल उद्यान में जाकर वृक्ष लगाकर पर्यावरणदिवस मनाया उपस्थित वीरांगनाएं हर्षिता जैन रश्मि ठेकेदार योगिताजैन ज्योति चैधरी सीमा बागोलिया शालिनी खेरा मीनू खेरा लक्ष्मी जैन मनीष सोगानी मीनल जैन संगीता जैन नीतू कुसुम जीजी रंजना लाली मैचिंग दीप्ति तलैया की उपस्थिति रही।




05 जून फोटो न.06 महिला जैन मिलन ने पौध रोपण किया।

## कलेक्टर ने दिया पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का संदेश



**अशोकनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून के अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय ने जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत डोंगर पछार के ग्राम अखेबर धाम पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर प्रकृति के संरक्षण में योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने पर जोर देते हुए स्वच्छ वातावरण और स्वस्थ जीवन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता एक-दूसरे के पूरक हैं तथा प्रत्येक नागरिक को इन दोनों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर हम सभी यह प्रतीज्ञा करें कि वर्षा के जल को अधिक से अधिक संचयन करें। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधरोपण कर स्वच्छ वातावरण का निर्माण करें। इस अवसर पर श्रमदान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर ने स्वयं सहभागिता करते हुए परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। उन्होंने सभी को नियमित रूप से श्रमदान कर स्वच्छ और सुंदर वातावरण के निर्माण में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, वरिष्ठ समाजसेवी प्रतापभान सिंह यादव,ग्राम पंचायत के सरपंच राजकुमार यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।



## अशोकनगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी को किया मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में थाना मुंगावली द्वारा बलात्कार के प्रकरण में आरोपी को अपराध पंजीबद्ध होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। दिनांक 03.06.2026 को पीड़ति द्वारा थाना मुंगावली में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके रिश्ते के चाचा द्वारा दिनांक 10.11.2025 की रात्रि में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया गया था तथा घटना के संबंध में किसी को जानकारी देने पर उसे एवं उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी गई थी। भयवश पीड़ति ने घटना की जानकारी किसी को नहीं दी। बाद में गर्भवती होने पर परिजनों द्वारा पूछताछ किए जाने पर उसने पूरी घटना बताई, जिसके उपरांत थाना मुंगावली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर थाना मुंगावली में अपराध क्रमांक 258/2026 धारा 64(1), 64(2)(एफ) एवं 351(3) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी मुंगावली उनि0 अरविंद सिंह कछुवाह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपी को दिनांक 04.06.2026 को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजे जाने की कार्रवाई की गई।

## प्रयागराज हुबली समर स्पेशल ट्रेन को नियमित चलाए जाने की मांग

**अशोकनगर।** रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समर स्पेशल ट्रेन के रूप में ट्रेन नंबर 04113 तथा ट्रेन नंबर 04114 का संचालन प्रयागराज से हुबली जंक्शन कर्नाटक तक प्रति शनिवार को किया जा रहा है, यह ट्रेन प्रयागराज से चलकर 58 घंटे पश्चात तीसरे दिन हुबली जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचती है।

इस समर स्पेशल ट्रेन से उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश के कई जिले सीधे दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य से जुड़ रहे हैं, इस समर स्पेशल ट्रेन को नियमित ट्रेन के रूप में चलाई जाने की मांग गुना शिवपुरी अशोक नगर संसदीय क्षेत्र वासियों द्वारा क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से की जा रही है, जिससे कि संसदीय क्षेत्र के निवासी नियमित रूप से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज एवं दक्षिण भारत के राज्य से नियमित सेवा में कनेक्ट हो सके।

प्रयागराज से हुबली को चलने वाली समर स्पेशल ट्रेन, फतेहपुर, गोविंदपुरी इटावा, भिंड, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, बीना, भोपाल, नागपुर होते हुए हुबली जंक्शन रेलवे स्टेशन तक जाती है। यद्यपि ट्रेन का स्टॉपेज अशोक नगर जिला मुख्यालय पर नहीं है जो इसके रेगुलर हो जाने पर संभावित हो सकेगा अशोकनगर जिले वासियों ने यह भी मांग की है कि इस ट्रेन को नियमित करते हुए सप्ताह में दो दिन चलाया जाना चाहिए और अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर इसका स्टॉपेज निर्धारित किया जाना चाहिए ताकि अशोकनगर जिले वासी भी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज और दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य से सीधे तौर पर जुड़ सकेंगे।

यह सभी भली भांति अवगत है कि अशोक नगर जिला मुख्यालय ट्रेनों के अभाव ग्रस्त है यहां से नई दिल्ली, प्रयागराज, इंदौर जबलपुर, मुंबई आदि शहरों के लिए नियमित ट्रेन उपलब्ध नहीं है, जिसकी मांग क्षेत्रवासी लगातार अपने सांसद एवं केंद्रीय मंत्री के माध्यम से रेल मंत्रालय को कर रहे क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया जी के द्वारा इस संबंध में 15 दिसंबर 2025 एवं 26 फरवरी 2026 को रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव को लिखित पत्र के माध्यम से मांग पत्र भी प्रस्तुत किए जा चुके हैं, परंतु, इन मांग पत्रों पर अभी तक रेल मंत्रालय ने कोई यथोचित संज्ञान नहीं लिया है, जिससे अशोकनगर जिले से ट्रेनों की उपलब्धता नहीं हो पा रही है और आम जनता परेशान है।

प्रयागराज से हुबली को चलाई जाने वाली रेलवे विभाग की यह समर स्पेशल ट्रेन यदि नियमित रूप से संचालित की जाती है तो इससे क्षेत्र वासियों को बहुत लाभ होगा वर्तमान में रेल बोर्ड रेल मंत्रालय द्वारा समर स्पेशल ट्रेन और टेंपरेरी ट्रेनों को नियमित करने की कार्रवाई की जा रही है, इसी तारतम में ट्रेन नंबर 04113 एवं 04114 प्रयागराज हुबली जंक्शन समर स्पेशल ट्रेन को भी नियमित किए जाने व सप्ताह में 2 दिन संचालित किए जाने की मांग क्षेत्र वासियों ने रेल मंत्रालय से की है। कैलाश वासी माधवराव सिंधिया जी के द्वारा गुना इटावा रेल लाइन को बिछवाया गया था और इसके लिए रेल मंत्रालय ने 750 करोड रुपए की बड़ी राशि निर्माण में खर्च की है परंतु गुना इटावा रेल लाइन पर ट्रेनों का संचालन नहीं है। प्रयागराज हुबली जंक्शन समर स्पेशल ट्रेन इस मार्ग से संचालित हो रही है इस ट्रेन के नियमित हो जाने पर गुना इटावा रेल लाइन पर नई ट्रेन नियमित रूप से संचालित हो सकेगी और भी अन्य ट्रेन जो प्रयागराज, दिल्ली, कानपुर आदि से दक्षिण भारत एवं महाराष्ट्र को जाती है, इन ट्रेनों का संचालन भी गुना इटावा रेल लाइन के माध्यम से किया जा सकता है।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण व साफ-सफाई के कार्यक्रम किए गए

# जिले में पौधरोपण के साथ जल संरचनाओं के कार्यक्रम आयोजित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले भर में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौध रोपण के साथ जल संरचनाओं पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। ताकि प्रकृति को हरा भरा बनाकर रखा जा सके।






#### जिला न्यायालय परिसर में पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर, अशोकनगर में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश संजीव सिंघल, जिला न्यायाधीश सुनील कुमार, जेएमएफसी प्रिया, जेएमएफसी शुभम द्विवेदी तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी न्यायिक अधिकारियों द्वारा न्यायालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर न्यायालय परिसर में स्थित जल संचयन हेतु निर्मित जलाशय की भी साफ-सफाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि जलाशयों का संरक्षण एवं नियमित रखरखाव न केवल वर्षा जल के संचयन में सहायक होता है, बल्कि इससे भू-जल स्तर में वृद्धि, पर्यावरणीय संतुलन की स्थापना तथा जीव-जंतुओं को पेयजल उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। जलाशय की सफाई के माध्यम से जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। वृक्षारोपण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता जैसे प्रयासों के माध्यम से ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिकाधिक वृक्ष लगाने, जल स्त्रोतों का संरक्षण करने तथा पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहने का आह्वान किया। आगामी वर्षा काल में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिससे अधिक से अधिक पौधों को रोपा जा सके। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसल के अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं अन्य उपस्थितजनों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया। ग्राम म्यापुर में एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत पौधारोपण किया।

मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर शाढ़ौरा सेक्टर 05 अंतर्गत ग्राम म्यापुर में नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर के सचिव विवेक कुमार रघुवंशी एवं ग्रामवासी किशन, सुनील प्रजापति, मोहर सिंह प्रजापति, विजय आदिवासी, बलराम रघुवंशी, उमेश हरिजन, बुजुर्ग पूरन सिंह आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

#### विश्व पर्यावरण दिवस पर संस्कार अकादमी स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ




बरखेड़ी, गुना रोड स्थित 'संस्कार अकादमी स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने भी वृक्षारोपण कर हरित वातावरण बनाने का संकल्प लिया। विद्यालय के निदेशक राजदीप सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य का आधार भी हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प सभी विद्यार्थियों ने लिया। निदेशक राजदीप सिंह ने बताया कि संस्कार अकादमी स्कूल जिले का एकमात्र ऐसा विद्यालय है जहाँ विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु एआई एवं रोबोटिक लैब जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इन अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे उनमें नवाचार, वैज्ञानिक सोच एवं तकनीकी कौशल का विकास हो रहा है। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का आह्वान किया।